तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026



2 माइंस अस्पताल की बदहाल स्थिति पर सीटू ...





4 जिला खनिज न्यास निधि से गांवों की बदलेगी ...






# जिपं की विशेष सभा से सीईओ नदारद, नाराज सदस्य कलेक्टोरेट पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत की विशेष सभा की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक बुलाकर सीईओ नदारद रहे। नाराज सदस्य कलेक्टर के पास पहुंच गए। कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद सीईओ बैठक में पहुंचे। दोपहर 12 बजे बैठक समय निर्धारित थी पर दोपहर 2 बजे प्रारंभ हो सकी। अध्यक्ष ने अपने चेंबर में विशेष सभा की बैठक की। बैठक में नारी शक्ति वंदन व मनरेगा मजदूरी का अनुमोदन किया गया। शुक्रवार को जिला पंचायत विशेष सभा नारी शक्ति वंदन को लेकर आहुत की गई थी। बैठक की सूचना सीईओ जिला पंचायत द्वारा जारी की गई थी। बैठक 12 बजे से प्रारंभ होना था। बताते है कि उपाध्यक्ष तोमन साहू 11 बजे से जिला पंचायत पहुंच गए थे।

■ मनरेगा के लिए 65 लाख मानव दिवस का अनुमोदन

अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर पौने बारह बजे जिला पंचायत पहुंच गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य सदस्य भी बारह बजे के पहले जिला पंचायत पहुंच गए थे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नही पहुंचे। बताया गया कि सीईओ कलेक्ट्रेट में कलेक्टर के साथ वीसी में है। अध्यक्ष सहित सदस्य कलेक्ट्रेट पहुंच गए, लेकिन वहां जिला पंचायत सीईओ के नही मिलने पर नाराज अध्यक्ष एवं सदस्यो ने कलेक्टर को मामले की जानकारी दी।

## हस्तक्षेप के बाद दो घंटे देरी से शुरू हुई बैठक



### अंततः सीईओ पहुंचे बैठक में

बताते है कि कलेक्टर ने सीईओ से बात की तब वे बैठक में पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर के निर्देश के बाद सीईओ बैठक में पहुंचे तो अध्यक्ष ने सभाकक्ष में बैठक में आने से मना करते हुए अध्यक्ष के चेंबर में बैठक लेने कहा, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य अध्यक्ष के चेंबर में ही बैठे थे। जब कोई सदस्य सभाकक्ष में नही पहुंचा तब सीईओ को अध्यक्ष के चेंबर में बैठक में भाग लेना पड़ा। बैठक में नारी शक्ति वंदन पर आभार प्रस्ताव लिया गया, साथ ही मनरेगा के लिए वर्श 2026–27 के लिए 65 लाख मानव दिवस मजदूरी का अनुमोदन किया गया। अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा सीईओ बैठक बुलाकर स्वयं बैठक से नदारद थे। जानकारी लेने पर उन्होने कलेक्टर के साथ वीसी में होने की जानकारी दी। जब हम कलेक्टोरेट पहुंचे तो वहां सीईओ नही थे। हमने कलेक्टर को मामले की जानकारी दी, तब कलेक्टर निर्देश पर सीईओ बैठक में पहुंचे। आज की बैठक सभी सदस्य ▶▶| शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालत में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**बालोद।** बाईक से अपने नाना गांव जा रहे युवक का सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में ग्राम से लगभग 30 किलोमीटर दूर करकाभाट के पास शव मिला। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिला के ग्राम पीपरछेड़ी निवासी तेजराम यादव अपने नाना ग्राम परेंगुड़ा अपने बाईक के माध्यम से आ रहा था, जहां सुबह से निकले युवक का शाम तक परिजनो को कोई खोज खबर नही लगी, जिसके बाद जब परिजन युवक की तलाश में निकले तो एनएच 30 ग्राम करकाभाट के पास सड़क किनारे युवक संदिग्ध अवस्था में मिला। जिसके बाद परिजनो के द्वारा युवक को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर द्वारा युवक को मृत घोशित कर दिया गया। जहां युवक के शव को पीएम करने के बाद परिजनो को सौप दिया गया। वही युवक का मौत कैसे और क्यो हुए इसकी जांच में पुलिस जुट गई है तथा पुलिस जांच के बाद ही युवक के मृत्यु के कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

### युवक की पिटाई, दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** चुगली करने का आरोप लगाते हुए युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम खपरी (ब) थाना रनचिरई निवासी मनीष कुमार साहू पिता चन्दुलाल साहू 22 वर्ष ने पुलिस को बताया कि अपने घर के सामने खडे होकर मोबाईल में बात ▶▶| शेष पेज 2पर

## अपराध

### कम पढ़े-लिखे ग्राहकों को बनाया निशाना

# एसबीआई कियोस्क सेंटर में 9 लाख से अधिक की धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



एसबीआई कियोस्क सेंटर संबलपुर में गबन, धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को डौण्डीलोहारा पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया। आरोपियो पर लोगों के खाता से पैसा ट्रांसफर कर एफडी. व आरडी के नाम पर पैसे का गबन कर धोखाधडी करने का आरोप है।

■ पुलिस ने वाहन और नगदी किया जब्त

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक्टीवा, एक मोटर सायकल, नगदी रकम 5,590 रूपये एवं दो नग मोबाईल, एक नग एटीएम कार्ड जप्त किया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकरण के विवेचना दौरान पाया गया कि आरोपी अमित कुमार निषाद द्वारा एसबीआई कियोस्क संबलपुर में आने वाले कम पढे–लिखे महिला–पुरूष ग्राहकों से उनसे नगदी रकम लेकर एफडी, आरडी कराने का झूठा आश्वासन देकर पैसे लेकर धोखाधडी, गबन किया है तथा ग्राहक कियोस्क सेंटर में आने पर खाता का बैंलेंस चेक करने या लेन–देन के लिए आने पर बहाना कर अंगूठा लगवाकर खाते से पैसे निकाल लेता था। आरोपी अमित कुमार निषाद एवं आरोपी विरेन्द्र गिरी गोस्वामी के मध्य आपस में खाते में लेन–देन पाया गया है।

उक्त आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से 16 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। प्रार्थी रायपुरा थाना डौण्डी लोहारा निवासी सुरेन्द्र कुमार साहू पिता ईष्वर लाल साहू उम्र 28 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2024–25 में आरोपी अमित कुमार निषाद व विरेन्द्र गिरी गोस्वामी निवासी सम्बलपुर एसबीआई कियोस्क सेंटर संचालक के द्वारा वर्ष 2024–25 में अलग–अलग तिथियो में संबलपुर, लोहारा व आसपास के लोगो के खाता से पैसा ट्रान्सफर कर अंगुठा लगा कर एफडी व आरडी एवं नगद पैसे लेकर झुठा आश्वासन देकर लगभग 9,01000 रूपये पैसा लेकर गबन कर धोखाधड़ी किया गया है, रिपोर्ट पर थाना डौण्डी लोहारा के धारा 316(5), 318(4), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### जवान से बैंक कर्मचारी ने की धोखाधड़ी, 2 लाख की जगह 17 लाख का लोन पास, मामला दर्ज

बालोद। बैंक कर्मचारी द्वारा आर्मी के जवान से धोखाधड़ी कर दो लाख लोन की जगह सत्रह लाख लोन पास कर दिया गया तथा जवान को मात्र ड़ेढ़ लाख प्रदान किया गया, जिसके बाद पीड़ित जवान ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम ओडारसकरी पोस्ट अर्जुन्दा निवासी मूलचंद मण्डावी पिता सीताराम मण्डावी 29 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरा खाता एक्सीस बैंक गुण्डरदेही शाखा मै बैंक से दो लाख रूपये लोन लेना चाहता था। लेकिन रेखराम साहू जो कि एक्सीस बैंक गुण्डरदेही के कर्मचारी के द्वारा अप्रैल माह 2025 मे मेरे खाते में सत्रह लाख रूपये लोन पास करवाया एवं मेरे खाता में ट्रांसफर किया गया। लेकिन मुझे केवल 1,50,000 रू. ही मिला एवं बाकी के पैसे को किसी अन्य लोगों के खाते मे ट्रांसफर कर दिया गया। प्रार्थी ने आरोप लगाए कि रेखराम साहू के द्वारा मेरे खाते से पैसा ▶▶| शेष पेज 2 पर

# ग्राम सिरसिदा में प्रधानमंत्री आवासों का औचक निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा


गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरसिदा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन मकानों का औचक निरीक्षण किया गया।

■ जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे मौजूद

निरीक्षण में जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, सरपंच सरस्वती चंद्राकर सहित जनपद पंचायत गुण्डरदेही से आए अधिकारी घनश्याम सिंहा, ग्रामीण यांत्रिक विभाग के दीनबंधु देशमुख, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के संतराम, एनआरएलएम योजना से जुड़े अधिकारी, सचिव मोतीलाल साहू, रोजगार सहायक संगीता देवांगन, डाटा ऑपरेटर आंवलिका पटेल एवं ग्राम पंचायत सहायिका हरीश कुमार विश्वकर्मा, इन्द्रजीत चन्द्राकर मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आवास हितग्राहियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और गुणवत्ता के साथ कार्य करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए ▶▶| शेष पेज 2 पर







## खबर संक्षेप

### स्वर्णकार समाज के हेमराज सोनी बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**धमतरी।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा बस्तर संभाग प्रभारी एवं गौ सेवा आयोग धमतरी जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी को छत्तीसगढ़ कन्नौजिया स्वर्णकार समाज में प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। समाज के अध्यक्ष भागवत सोनी एवं सचिव द्वारा यह जिम्मेदारी प्रदान की गई। इस अवसर पर हेमराज सोनी ने समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे स्वर्णकार समाज को संगठित कर प्रदेश में मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समाजों के कई प्रमुख जन उपस्थित रहे और उन्होंने हेमराज सोनी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### खेल पखवाड़ा : बैडमिंटन में खिलाड़ी दिखाएंगे दम


**धमतरी।** शहर के व्यवसायी एवं खेल प्रेमी राजेश शर्मा द्वारा खेल पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। इस खेल पखवाड़े में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 18 एवं 19 अप्रैल को बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इस प्रतिस्पर्धा को तीन ग्रुप में बांट कर सीनियर ,जूनियर तथा बच्चों के लिए बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन किया गया है। आयोजक श्री शर्मा ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा सिर्फ प्रतिभागियों को समुचित खेल का मैदान देकर उन्हें तरासने के पश्चात तैयार करने का पवित्र उद्देश्य ही हमारा लक्ष्य है। इस पखवाड़े के संयोजक योगेश रायचुरा ने बताया कि जिस उद्देश्य को लेकर हम सारे लोग एक महीने तक विभिन्न खेलों को आयोजित कर रहे हैं उससे निश्चित ही शहर के खिलाड़ियों के बीच खेल एक नई ऊंचाई तथा दिशा को प्राप्त कर रहा है। वहीं बैडमिंटन इस स्पर्धा के संयोजक तथा राज्य स्तर के खिलाड़ी भावेश रजक ने कहा है कि शहर में बैडमिंटन खेलने की एक विशिष्ट परंपरा पूर्व में रही है इसे ही परिष्कृत करते हुए वर्तमान पूर्व तथा नवोदित खिलाड़ियों को एक मंच देकर खेलों को आगे बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस व परिजनों के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बोरिदखुर्द नयापारा निवासी विरेंद्र नेताम पिता धनेश उम्र 20 वर्ष मजदूरी करता था। युवक गुरुवार की रात्रि अपने खेत में जाकर वहां पर स्थित साजा के पेड़ में साड़ी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शुक्रवार की सुबह युवक को पेड़ पर फंदे में लटके देख रुद्री पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंच पंचानामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। युवक के फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### सड़क दुर्घटना : बाइक सवार भाइयों में से एक की मौत दूसरा घायल

**धमतरी।** सामान खरीद कर घर लौट रहे भाईयों की बाइक सड़क पर फिसलकर अनियंत्रित होकर



दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रुप से घायल हो गया है। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार मनीष कुमार यादव पिता संतराम उम्र 14 वर्ष ग्राम आमाडुला थाना डौंडी जिला बालोद निवासी कक्षा 8वीं का छात्र था। गुरुवार को मनीष घर के मोटर सायकल से अपने भाई टीकेश कुमार यादव के साथ सामान खरीदने ग्राम पुरी चारामा गए थे। जहां से सामान की खरीददारी कर दोनों भाई बाइक में सवार होकर वापस अपने घर आमाडुला लौट रहे थे। बाइक टीकेश चला रहा था। इसी दौरान ग्राम पुरी के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए डौंडी अस्पताल पहुंचाया गया।

**मांग :** विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से मरीज परेशान, श्रमिकों और परिवारों ने प्रबंधन के खिलाफ जताया आक्रोश

# माइंस अस्पताल की बदहाल स्थिति पर सीटू का दूसरे दिन भी धरना, स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा





खदान श्रमिकों की जीवनरेखा माने जाने वाले माइंस अस्पताल की बदहाल स्थिति को लेकर हिंदुस्तान स्टील इम्प्लाइज यूनियन (सीटू) ने तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन 16 अप्रैल 2026 को बीएसपी माइंस अस्पताल के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस आंदोलन में बड़ी संख्या में श्रमिकों और उनके परिवारों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सुविधाओं की तत्काल बहाली की मांग उठाई।

- मशीनें हैं, लेकिन चलाने के लिए स्टाफ नहीं

धरने के दौरान गूंजते नारों और आक्रोश के बीच श्रमिकों ने प्रबंधन के उदासीन रवैये की कड़ी आलोचना की। कर्मचारियों का कहना था कि एक समय क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल माने जाने वाला राजहरा माइंस अस्पताल आज स्वयं "बीमार" हो चुका है और उसे तत्काल इलाज की जरूरत है।

सभा को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि प्रबंधन की अनदेखी और सेक्टर-9 अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण अस्पताल की हालत बेहद खराब हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि कर्मचारियों को हर महीने शिविर के भरोसे इलाज कराना पड़ रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टर महीने में केवल एक बार आते हैं और पर्याप्त जांच सुविधा के अभाव में मरीजों को भिलाई भेज दिया जाता है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि माइंस प्रबंधन ने भिलाई रेफरल पर अघोषित रोक लगा दी है, जिससे कर्मचारियों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। अस्पताल में डॉक्टर, नर्स, ड्रेसर, एक्स-रे टेक्नीशियन, लैब स्टाफ और एम्बुलेंस कर्मियों की भारी कमी है। लाखों की मशीनें धूल खा रही हैं, लेकिन उन्हें संचालित करने के लिए स्टाफ तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा।

यूनियन सचिव पुरषोत्तम सिमैया ने कहा कि खदानों के भीतर कार्यरत श्रमिक पूरी निष्ठा से उत्पादन बनाए रखे हुए हैं, लेकिन उन्हें बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि स्थिति लगातार बिगड़ती रही और समय रहते विरोध नहीं हो सका, लेकिन अब हालात बर्दाश्त के बाहर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि एकमात्र मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर के सेवानिवृत्त होने के बाद आज तक उसकी भरपाई नहीं की गई, जबकि पहले भर्ती के लिए बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने रुचि दिखाई थी।

संगठन सचिव प्रकाश सिंह क्षत्रिय ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जमीन पर बदलाव दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो अगला आंदोलन और बड़ा तथा अनिश्चितकालीन होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रमिक अपने अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। धरना स्थल पर मौजूद अन्य श्रमिक नेताओं और प्रतिनिधियों ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और टाउनशिप की सुविधाएं लगातार कमजोर होती जा रही हैं। ठेका श्रमिकों ने भी अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें भी नियमित कर्मचारियों की तरह अस्पताल में समान उपचार का अधिकार मिलना चाहिए।

सीटू ने प्रमुख मांगों में अस्पताल में सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति, सभी ओपीडी सेवाओं की बहाली, नर्सिंग व तकनीकी स्टाफ की भर्ती, भिलाई रेफरल पर लगी पाबंदी हटाने, एक्स-रे व सोनोग्राफी सेवाएं नियमित करने और ठेका श्रमिक परिवारों को भी इलाज की सुविधा देने की मांग रखी।

धरना प्रदर्शन के दौरान यह स्पष्ट संदेश सामने आया कि श्रमिक केवल विरोध नहीं कर रहे, बल्कि व्यवस्था में सुधार चाहते हैं। आंदोलनकारियों ने उम्मीद जताई कि प्रबंधन सकारात्मक पहल करते हुए अस्पताल की स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाएगा, ताकि खदान कर्मियों को सम्मानजनक और सुरक्षित स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

## गुरूर के ठेकवाडीह में मिले ऐतिहासिक दस्तावेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम ठेकवाडीह में सर्वेक्षण के दौरान डॉ. प्रकाश पतंगीवार के पास अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी प्राची ठाकुर ने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान ग्राम ठेकवाडीह निवासी डॉ. प्रकाश पतंगीवार ने प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियां और दस्तावेज प्रस्तुत किए।

- गोंड शासकों की वंशावली सहित प्राचीन पांडुलिपियां प्राप्त

इन दस्तावेजों में गोंड शासकों की विस्तृत वंशावली से लेकर ब्रिटिश शासन काल के महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण और संरक्षण किया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने समृद्ध इतिहास से रूबरू हो सकें।

## गुण्डरदेही में 2949 अपूर्ण प्रधानमंत्री आवासों को पूरा करने सघन संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के 2949 अपूर्ण निर्माणाधीन एवं अप्रारंभ आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के उद्देश्य से जनपद पंचायत गुण्डरदेही में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा एक दिवसीय सघन संपर्क अभियान चलाया गया।

- अधिकारियों ने घर-घर पहुंचकर किया निरीक्षण, हितग्राहियों की समस्याओं का किया समाधान

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों से सीधे संपर्क कर आवास निर्माण में आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण करना तथा उन्हें शीघ्र आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित करना है। अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं जनपद स्तर के नियुक्त ग्रामवार नोडल अधिकारियों के द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में संबंधित हितग्राहियों के घर–घर पहुंचकर निर्माण की स्थिति का निरीक्षण किया गया तथा उन्हें शेष कार्य को यथा शीघ्र पूर्ण करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान प्रत्येक अधिकारियों ने लगभग 25–30 आवासों का स्थल निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों से संवाद स्थापित किया एवं उनकी समस्याओं जैसे सामाग्री की उपलब्धता, मजदूरी, तकनीकी मार्गदर्शन आदि को गंभीरता से सुना, साथ ही समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु संबधित विभागों से समन्वय स्थापित किया गया। अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को यह बताया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी आवासों को समय–सीमा में पूर्ण करना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही उन्हें रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के उपाय अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। अभियान के माध्यम से न केवल आवास निर्माण की गति में तेजी लाने का प्रयास किया गया, बल्कि हितग्राहियों में योजना के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता भी बढ़ाई गई। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी हितग्राहियों को शीघ्र आवास निर्माण पूरा कराने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य सहित प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत संबंधित अधिकारी–कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।





## जोहार छतीसगढ़ पार्टी ने मांगो को लेकर नपा को ज्ञापन सौंपा...



**बालोद।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा नगर में अतिक्रमण की कार्यवाही में हो रही देरी को लेकर आंदोलन किया गया, इस दौरान जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के द्वारा नगर पालिका को अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन भी सौपा गया।

## पंचायत को जानकारी नहीं और छाती की जमीन हो गई उद्योग संचालनालय के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



उद्योग संचालनालय को बिना किसी दस्तावेज प्रमाण के जमीन को आबंटित करने पर ग्राम पंचायत छाती ने आपत्ति की है। ग्राम पंचायत छाती के सरपंच दानेश्वरी यादव ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि विकासखंड धमतरी के ग्राम पंचायत छाती की शासकीय जमीन खसरा नंबर 744/1 रकबा 36.6560 को विभिन्न हिस्सों में बांटकर खसरा नंबर 744/37 रकबा 16.1980 हेक्टेयर को पटवारी ने बिना किसी प्रमाणी दस्तावेजों के उद्योग संचालनालय को आबंटित कर दिया है। यह ऑनलाइन छत्तीसगढ़ भू-नक्शा में प्रदर्शित हो रहा है। इससे ग्राम पंचायत छाती एवं ग्रामवासी इस असंवैधानिक कृत्य से बेहद दुखी हैं।

सरपंच दानेश्वरी यादव ने बताया कि गांव की जमीन को विभिन्न आवश्यकताओं के लिए सहेजकर रखी गई है, जिसमें शवदाह के लिए मुक्तिधाम, मृतकों को दफनाने के लिए शमशान घाट, खेल मैदान, पशुओं के लिए चारागाह, गोठान, साप्ताहिक बाजार, उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, सियान जतन के लिए जमीन सुरक्षित रखी गई है। लेकिन कोटवार और पटवारी ने धोखा देकर बिना किसी प्रमाण के किए गए हस्तांतरण के खिलाफ पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उचित दण्डनीय कार्रवाई की मांग करते हैं।

## पेज 3 के शेष

### अंततः सीईओ पहुंचे ...

की सहमति से मेरे चेंबर में संपन्न हुई। उपाध्यक्ष तोमन साहू ने कहा बैठक अध्यक्ष के चेंबर में आहुत की गई थी, जिसमे नारी शक्ति वंदन आभार प्रस्ताव लिया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सहित अन्य सदस्य भी सम्मिलित हुए थे।

### जवान से बैंक कर्मचारी ने की ...

किसी अन्य लोगों के खाते मे ट्रांसफर कर दिया गया है। अब लोन का भुगतान मुझे करना पड रहा है और जब मैं बाकी पैसा रेखराम साहू से मांगने जाता हूं। तो कल दूंगा परसो दूंगा करके मुझे अलग अलग दिन बताता है। मैं आर्मी का जवान हूं और मैं अधिकांश दिन अपने ड्युटि में रहता हूं। जिससे मुझे पैसा मांगने के लिए बार बार आना पडता है। मुझे बहुत परेशानी हो रहा है।

### ग्राम सिरसिदा में ...

जा रहे मकानों में शौचालय, शोकपीठ (प्लिंथ), एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि योजना का लाभ पूर्ण रूप से मिल सके।

अधिकारियों ने हितग्राहियों को 90 दिवस की हाजिरी पूर्ण करते हुए निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी गई कि लापरवाही बरतने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर जरूरतमंद को पक्का मकान उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, इसके लिए सभी हितग्राही सक्रिय भूमिका निभाएं। निरीक्षण के बाद गांव में निर्माण कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### युवक की पिटाई, दो आरोपियों ...

कर रहा था, तभी हमारे गांव का मोहन लाल साहू 35 वर्ष शराब के नशे में आया और बोला मेरा चुगली कर रहा है कहकर मुझे गाली गलौज देते हुए मुझे हाथ मुक्का से मारपीट किया, तभी मोहन लाल साहू का भाई सुनील साहू पिता अगर राम साहू 32 वर्ष भी वहां आ गया और दोनो मुझे गाली गलौज देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किये, मारपीट से मेरे सीना में चोंट खरोंच आया है और गाल में दर्द हो रहा है।

## मनकेशरी बायपास हुआ रक्त रंजित, ट्रेलर-पिकअप की भिड़ंत में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

बस्तर की जीवनरेखा कहे जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार 17 अप्रैल की सुबह मनकेशरी बाईपास एक बार फिर रक्त रंजित हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार ट्रेलर और पिकअप वाहन के बीच हुई सीधी भिड़ंत में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार यह सड़क दुर्घटना सुबह लगभग 5:30 से 6:30 बजे के बीच घटित हुई। बताया जा रहा है कि ट्रेलर क्रमांक सीजी 27 टी 7863 जिसे मध्य प्रदेश के सिंगरौली निवासी 30 वर्षीय नारायण सिंह चला रहा था। वह जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही पिकअप क्रमांक सीजी 04 क्यूआर 6662 के साथ उसकी जोरदार टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि टक्कर के बाद पिकअप वाहन बीच सड़क पर ही पलट गया, जिससे उसमें सवार युवक अंदर ही फंस गए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा में आज चंद्रदर्शन महाआरती



**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा बालोद में 18 अप्रैल शनिवार बैसाखी शुक्ल पक्ष 1 को चंद्रदर्शन महाआरती संध्या 7:30 बजे से प्रारंभ होगी। श्री रामदेव बाबा धर्मार्थ सेवा समिति बालोद व मंदिर आयोजन समिति के बाबूलाल जैन ने महाआरती में सभी भक्तों से उपस्थित होने की अपील की है।

### अज्ञात शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**डौंडीलोहारा।** संजारी चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंजईडीह के जंगल में गुरुवार शाम लगभग साढ़े चार बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की। संजारी चौकी प्रभारी अरविंद कुमार साहू ने बताया कि शव की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच में शव लगभग 10 से 15 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल पर एक पेड़ से फांसी की रस्सी लटकी हुई मिली, जबकि शव पेड़ से करीब 10 फीट दूर पाया गया। पुलिस के अनुसार शव पर जंगली जानवरों द्वारा नुकसान पहुंचाने के निशान भी पाए गए हैं। मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उसने नीले रंग की जींस तथा काले-सफेद चेक शर्ट पहन रखी थी। साथ ही उसके बाएं हाथ में बिच्छू का टैटू बना हुआ है। घटनास्थल ग्राम से लगभग 2 किलोमीटर दूर जंगल में स्थित है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है और अज्ञात व्यक्ति की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। शव की स्थिति को देखते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हस्ताक्षर अभियान

**गुण्डरदेही।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत ग्राम तवेरा, किलेपार, भाठागांव (आर), रनचिरई में गोसेवको द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें ग्राम प्रमुख, समाज प्रमुख, विभिन्न संगठन तुलसी मानस प्रतिष्ठान, गायत्री परिवार, पेंशनर संघ, कबीर पंथ, भगवताचार्य, महिला समूह आदि से संपर्क कर इस महा अभियान के लिए समर्थन मांगा गया एवं 27 अप्रैल को तहसील कार्यालय गुण्डरदेही में 11 बजे राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने हेतु आयोजित वृहद रैली में सम्मिलित होने के लिए अपील किया गया। ज्ञात हो कि गौ माता के सेवा सुरक्षा सम्मान को लेकर एक साथ पूरे देश भर में गो सम्मान आह्वान अभियान संत महात्माओं के मार्गदर्शन में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कर गो सेवा हेतु केंद्रीय कानून बनाने एवं गौ हत्या पर पूरी तरह प्रतिबंध लगने हेतु नंदी महाराज एवं गौ माता की अगुवाई में या अभियान जारी है, जिसमें निःस्वार्थ कार्यकर्ता अपना समय देकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

## बैठक : 15 मई तक वेबसाइट पर अपलोड होगा 'विलेज एक्शन प्लान'

# जिला खनिज न्यास निधि से गांवों की बदलेगी तस्वीर : सीएस विकासशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- 31 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश

मुख्य सचिव विकासशील ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित ग्रामों के निवासियों को जिला खनिज न्यास संस्थान निधि के राशि का समुचित लाभ सुनिश्चित कराने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर विलेज एक्शन प्लान तैयार कर इसे ग्राम सभा में अनुमोदन कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव विकासशील संबंधित जिलों के कलेक्टरों एवं प्रभारी अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य सचिव ने अपने–अपने जिले के प्रभावित क्षेत्रें में जिला खनिज न्यास संस्थान निधि के उपयोग हेतु प्रस्तावित कार्य योजना की भी विस्तृत समीक्षा की। इस मौके पर खनिज सचिव पी दयानंद, खनिज विभाग के संचालक रजत बंसल एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य सचिव विकासशील ने सभी जिला कलेक्टरों को विलेज एक्शन प्लान में प्रभावित क्षेत्रें के हितग्राहियों को शासन के विभिन्न 31 जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित कराने के अलावा इन ग्रामों में 14 बुनियादी आधारभूत अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को अनिवार्य रूप से शामिल करते हुए विलेज सैचुरेशन मॉडल पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शासन के 10 विशेष प्राथमिकता वाले योजनाओं और 14 आधारभूत अधोसनसर्चना के कार्य जिला खनिज निधि की प्राथमिकता के आधार पर ही ग्रामवार वार्षिक कार्य योजना तैयार कर जिला के योजना तैयार की जाए तथा 15 मई तक इसे अंतिम रूप से वेबसाइट पर प्रकाशित कराएं और उसके अनुसार ही कार्य करें। मुख्य सचिव ने इसके आधार पर ही जिला खनिज न्यास संस्थान से कार्य की स्वीकृति एवं उनका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्षिक कार्य योजना में सूचीबद्ध कार्यों के लिए ही राशि स्वीकृत करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार से परिवर्तन एवं संशोधन बिल्कुल भी न की जाए।

बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत बालोद जिले को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रें में विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यों के संपादन हेतु प्रस्तावित कार्य योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वर्चुअल बैठक के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थानीय कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें कक्षा केजी-01 से 8वीं तक का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न कक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा पहली में चंचल प्रथम एवं सिद्धार्थ सेन द्वितीय रहे। कक्षा दूसरी में गीतांशू देवांगन ने प्रथम तथा आदित्य कंवर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी में मयंक ढाले प्रथम एवं धृतज्ञ सोनी द्वितीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा चौथी में योगिता प्रथम एवं तेजल देशमुख द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा छठवीं में योगेश गुप्ता प्रथम तथा गुलशन कुमार पटेल द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा सातवीं में राजकमल निषाद ने प्रथम एवं गायत्री निषाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं में दीक्षा यादव प्रथम एवं मोनिका तारम द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा 11वीं के जीवविज्ञान संकाय में कृष कुमार पटेल प्रथम एवं कुमकुम द्वितीय स्थान पर रहीं, वहीं कृषि संकाय में मनीष कुमार प्रथम तथा खोमराज ठाकुर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

परीक्षा परिणाम घोषणा के अवसर पर पालकगणों के साथ प्राचार्य राजकुमार देवांगन, संचालक ललित सिंह गौर, प्रधानाचार्य सुश्री कीतिबाला टांक, राधेश्याम गंजीर, उमेंद कुमार सिन्हा, पुनीत राम सोनकली, मूलचंद साहू, युवराज यादव सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार देवांगन ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अंडा में धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत अंडा में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव के सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उपसरपंच यशवंत बंजारे व पंचगण डा चेलक, गोलू चन्द्राकर, गोपाल साहू, तेज चौहान, भाजपा कार्यकर्ता महिला विजय लक्ष्मी कनौजे सहित जनप्रतिनिधि युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके द्वारा समाज के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान निर्माण के माध्यम से देश को एक मजबूत आधार दिया और समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने का कार्य किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत अंडा में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया और उनके इस नेक कार्य की सराहना की गई। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**बालोद।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आदेश जारी कर जनगणना कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश में बताया गया है कि जनगणना 2027 के कार्य को सुचारू एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने हेतु जिले में जनगणना कार्य के लिए नियोजित सभी अधिकारी–कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया जाता है। प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक समय–सीमा निर्धारित है।

जिले में जनगणना कार्य में लगे किसी भी अधिकारी–कर्मचारी को कलेक्टर के पूर्वानुमोदन के बिना अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। कोई भी अधिकारी–कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकते हैं। विशेष परिस्थितियों में जिला जनगणना शाखा के माध्यम से अवकाश आवेदन प्रस्तुति उपरांत अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। पूर्व में कार्यालय प्रमुख द्वारा स्वीकृत अवकाश के प्रकरणों में जिला जनगणना शाखा के माध्यम से अवकाश हेतु पुनः आवेदन प्रस्तुत कर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी से अनुमोदन लिया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में अवकाश स्वीकृति मान्य नहीं होगी। समस्त कार्यालय प्रमुख की व्यक्तिशः जिम्मेदारी होगी कि वे आदेश का पालन करें। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## ओरमा में प्लास्टिक मुक्त जागरूकता रैली, सरपंच मंजूलता ने किया पर्यावरण संरक्षण का आह्वान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों की रही भागीदारी

ग्राम पंचायत ओरमा में सरपंच मंजूलता साहू के निर्देश पर प्लास्टिक मुक्त जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में उप सरपंच रामचंद्र यादव, पंच सगुना साहू, फग्नी निषाद, डोमार कुंभकार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बिहान समूह, सक्रिय महिला, स्व सहायता समूह, स्वच्छता समिति, मितानिन साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता युवराज निषाद, पशुसखी बीना साहू, स्वच्छग्राही महेश्वरी निषाद, पेमिन साहू, मितानिन दिलेश्वरी साहू, संतोषी साहू, शतरुपा साहू उपस्थित थे। सरपंच मंजूलता साहू ने कहा प्लास्टिक की जगह कपड़े के थैले इस्तेमाल करें, डिस्पोजल और मोटा प्लास्टिक भविष्य के लिए हानिकारक है। इससे जमीन, खेत प्रदूषित हो रहे है, ये किसानों के लिए सबसे ज्यादा नुकसानदायक है। प्लास्टिक जलाने से जमीन की उर्वर शक्ति कम होती है और फसल की पैदावार घटती है, उन्होने सभी से अपील करते हुए कहा प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने में सहयोग करें, जमीन सुरक्षित रखें, पैदावार बढ़ाएं, प्रदूषण मुक्त पर्यावरण बचाएं। रैली में स्वच्छता रैली, शोक पीठ जागरूकता और जल संचय अभियान की जानकारी भी दी गई। रैली गांव की गलियों में घूमकर आम लोगों को जागरूक करती रही। यह पहल ओरमा को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ बनाने की दिशा में सरपंच मंजूलता परस साहू का एक और कदम है।

## टटेंगा विद्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित, 11वीं का शत-प्रतिशत रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि कक्षा 9वीं में 69 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आर.के. देवांगन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को अच्छे अंक प्राप्त करने के साथ-साथ अनुशासन का पालन करते हुए एक अच्छा इंसान बनने पर भी जोर दिया। परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में दामिनी साहू ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उपासना ने 88.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। कला संकाय में रूपाली 82 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम तथा हेमलता 80 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं वाणिज्य संकाय में दिव्या ने 80 प्रतिशत के साथ प्रथम और लीलम ने 73.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार कक्षा 9वीं में प्रियांश साहू ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वीर यादव और भारती ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया।

परीक्षा परिणाम तैयार करने में स्थानीय परीक्षा प्रमुख चंद्रमणि वासनिक, वरिष्ठ व्याख्याता टी.एल. देवांगन तथा लाइब्रेरियन भागवत साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीम द्वारा विद्यार्थियों के अंकों एवं अधिभार का सावधानीपूर्वक निर्धारण किया गया।

कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए असफल विद्यार्थियों को निराश न होने और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रा देबनाथ, रेशमी साहू, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को राजनीति के मुख्य मंच पर लाने के उद्देश्य से पारित किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण विधेयक का देशभर में स्वागत हो रहा है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन के नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भाजपा महिला मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस क्रांतिकारी कदम की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने इस विधेयक को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्ण युग की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विधेयक के माध्यम से यह साबित कर दिया है कि नारी सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि उनकी सरकार की प्राथमिकता है। अब नीति निर्धारण और कानून बनाने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की सीधी भागीदारी बढ़ेगी, जिससे समाज के हर वर्ग का संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर महिला पार्षदों ने भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, पार्षद शैल महोबिया, पार्षद पूजा बिंझेकर और पार्षद लोकेश्वरी यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि यह कानून उन लाखों महिलाओं के लिए आशा की किरण है जो राष्ट्र सेवा का जज्बा रखती हैं। उन्होंने कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से पंचायत स्तर से लेकर संसद तक महिलाओं का प्रतिनिधित्व और अधिक सशक्त होगा। भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोषी साहू ने प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को सामाजिक और राजनीतिक रूप से आत्म–निर्भर बनाने की दिशा में सबसे बड़ा मील का पत्थर साबित होगा।

### श्रमिक सम्मेलन 24 अप्रैल को

**बालोद।** जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग द्वारा जिले के श्रमिकों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु श्रमिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन 24 अप्रैल को किया जाएगा। जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि तांदुला पुल के समीप 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे से श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान छत्तीगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत श्रमिकों को डीबीटी के माध्यम से लगभग 06 हजार श्रमिकों को विभिन्न योजना से लाभान्वित किया जाएगा। इसके अलावा अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को योजना अंतर्गत चेक वितरण भी किया जाएगा।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## खेती के दौरान किसान जान जोखिम में डालने को मजबूर

# ओरमा में झूलते बिजली तारों से खतरा

हरिभूमि न्यूज:बालोद



ग्राम ओरमा में विद्युत विभाग की लापरवाही से कृषि कार्य बाधित हो रहा है एवं किसानों की जान पर बन आई है। कृशि कार्य के दौरान किसानो को बांस की सहायता से तार को उपर उठाना पड़ रहा है जो जोखिम भरा है। मुख्य मार्ग स्थित खेतों में बिजली लाइन बहुत नीचे से गुजर रही है, छगन यादव के ट्रांसफार्मर से जुड़ी लाइन किसान जगदीश यादव के खेत के ऊपर से लगभग 7 फीट की ऊंचाई पर ही है, धान की बुवाई–कटाई के समय किसान हादसे के डर के मध्य खेती कर रहे हैं।

किसान जगदीश यादव ने बताया कि वो 2 बार बिजली कार्यालय में मौखिक शिकायत कर चुके हैं। लाइनमैन को भी कई बार बताया, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ। किसान ने बताया धान कटाई के समय कई बार तार को बांस से ऊपर उठाना पड़ता है, ताकि फसल सुरक्षित काट सकें। ये कभी भी जानलेवा हो सकता है। किसानों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खेत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन की ऊंचाई तुरंत बढ़ाई जाए, ताकि बड़ा हादसा टाला जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

ओरमा गांव में बिजली लाइन नीचे होने के मामले पर सरपंच मंजूलता साहू ने संज्ञान लिया है। सरपंच ने कहा मेरे क्षेत्र के किसानों को बिजली से संबंधित कोई समस्या ना हो। बिजली तार को ऊपर करने के लिए अधिकारी को पत्र लिखकर मुलाकात करूंगी। यह तो बिजली विभाग की बहुत बड़ी लापरवाही है।

बहुत जल्द समाधान के प्रयास के लिए आगे बढ़ेंगे। सरपंच ने कहा किसान उच्च अधिकारी को 2 बार मौखिक शिकायत कर चुके, लाइनमैन को जब मुलाकात होती है तब भी बताया, पर कार्रवाई नहीं हुई। सरपंच मंजूलता साहू ने खुद हस्तक्षेप किया है और बिजली विभाग के अधिकारियों से पत्रचार व मुलाकात कर तार ऊंचा कराने का भरोसा दिया है।



**चार धाम यात्रा**
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411